बिहार में जल परिवहन सुविधाएं

441. श्री ज्ञानेश्वर प्रसाद यादव : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्रीय सरकार बिहार राज्य को राज्य में जल परिवहन सुविधाओं के विकास के लिए प्रतिवर्ष धनराशि आवंटित करती थी;

(ख) यदि हां, तो राज्य सरकार ने वर्ष 1976–77 में, 1977–78 में इस दिशा में क्या कदम उठाए और क्या जल परिवहन विकास के लिए कोई योजना तैयार की गई है ; और

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार का विचार बिहार सरकार को राज्य में जल परिवहन की विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने का है ?

नौवहन और परिवहन मंत्रालय में प्रभारी राज्य मंत्री (श्री चांद राम): (क) 1963–64 से 1968–69 तक धन दिया गया, जिसका ब्यौरा सभा पटल पर रखा गया है ।

(ख) राज्य सरकार ने 1976–77 के दौरान कोई कदम नहीं उठाया । 10-10-77 को राज्य सरकार ने 1–4–78 से शुरू होने वाली आगामी पंचवर्षीय योजना में शामिल करने के लिए पांच योजनाओं का सुझाव दिया । राज्य सरकार से अभी तक कोई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई ।

(ग) जी, नहीं । केन्द्रीय सहायता उस बृहद् नीति कार्यक्रम के अन्तर्गत ही दी जाएगी, जिसे आगामी पंचवर्षीय योजना के लिए पूरे देश भर के लिए स्वीकार किया जाएगा ।

विवरण

बिहार सरकार को दी गई धनराशि के ब्यौरे दिखाने वाला विवरण

क्रम सं०	वर्ष	दी गई धनराशि रु०
1.	1963–64	50,000
2.	1964–65	98,200
3.	1965–66	96,700
4.	1966–67	19,010
5.	1967–68	5,000
6.	1968–69	5,000

मारिशस और मालागाशी होते हुए जलमार्ग

442. श्री यादवेन्द्र दत्त : क्या **नौवहन और परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का मारिशस और मालागाशी होते हुए कैरीबियन क्षेत्र तथा पूरे लैटिन अमरीका के साथ व्यापार करने के लिए नया जलमार्ग खोलने का विचार है ;

(ख) क्या सरकार का नौवहन प्रभार का पुनर्विलोकन करने और इस नए मार्ग के माध्यम से माल की ढुलाई दर में कुछ रियायत देने का विचार है ;

(ग) भारत से जापान, इन्डोनेशिया, कैरोलीन तथा मार्शल और गिलबर्ड टापुओं को प्रति वर्ष कितने टन माल ले जाया जाता है ; और

(घ) क्या सरकार का सिंगापुर, फिलीपीन, अमरीका, मैक्सिको, कोलम्बिया, इक्वाडोर, पीरू बोलिविया तथा पनामा से जहाजरानी के व्यापार का नया रास्ता खोलने और भारत का व्यापार बढ़ाने की दृष्टि से दरों में रियायत करने का विचार है ?